Kraft Heinz कंपनी की कर्मचारी आचार संहिता

# मार्गदर्शी सिद्धांत

## सभी लागू कानूनों, विनियमों और कंपनी की नीतियों का अनुपालन

कंपनी संघीय, राष्ट्रीय, राजकीय, प्रांतीय, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और विनियमों के अध्यधीन है। हम सभी को सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करना चाहिए।

## नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करना

हममें से हर एक को अपनी सभी व्यापारिक गतिविधियों में नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए और इस ढंग से काम करना चाहिए जो व्यापार जगत में और जनता में कंपनी की प्रतिष्ठा को बढ़ाए। हमारे सभी व्यापारिक रिश्तों का आधार अखंडता है, और निरंतर बनी रहेगी।

## बोलने/कोई प्रतिकार न करने का कर्तव्य

कानून, इस संहिता, या कंपनी की अन्य नीतियों के उल्लंघन के बारे में रिपोर्ट करना हम सभी का अधिकार है; किंतु उससे भी महत्वपूर्ण, संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में रिपोर्ट करना भी हमारा कर्तव्य है।

सद्भाव में संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में बताने वाले कर्मचारी के विरुद्ध प्रतिकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी। कंपनी प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिकार से बचाने के लिए कदम उठाएगी ताकि वे आराम से उल्लंघनों के बारे में बता पाएं और कंपनी की रक्षा कर पाएं।

# नियम

## हमारे लोग

### हम अपने कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं

हम कहीं भी हों, सबसे पहले सुरक्षा होनी चाहिये। हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के भाग के रूप में, सभी सुविधाओं को कार्यस्थल के सुरक्षा कानूनों के अनुपालन में होना चाहिए। कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपयुक्त सुरक्षा उपकरण पहनने, मशीनरी का संचालन केवल निर्देशों के अनुसार करने, और सुरक्षा के लिए खतरा होने पर उचित कार्रवाई करने सहित हर समय अपने कर्तव्यों का सुरक्षित ढंग से पालन करें।

#### जो सही है वही करें!




- ✓ हमारे प्रत्येक स्थान के लिए तय सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। आप सुरक्षा जोखिमों या स्वास्थ्य खतरों से मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। कोई जोखिम या अप्रत्याशित खतरा होने पर, उस पर नियंत्रण पाने के लिए जल्दी और सुरक्षित रूप से कार्य करें और तुरंत मदद लें।
- ✓ दवाओं या अल्कॉहल के प्रभाव में काम पर ना आएं। याद रखें: हमारे निर्णय या शारीरिक कार्यप्रदर्शन को प्रभावित करने वाला कोई भी पदार्थ हमारे साथी-कामगारों और हमारे उपभोक्ताओं को नुकसान पहुँचा सकता है।
- ✓ मतभेदों को कभी भी हिंसा के कार्यों या धमकियों, बदमाशी या भय के माध्यम से नहीं, अपितु पेशेवर और सम्मानित तरीके से हल करके अपने कार्यस्थल को सुरक्षित बनाएं।

## हम गैर-सार्वजनिक जानकारी की संभाल निजी तौर पर और गोपनीय तरीके से करते हैं

कर्मचारियों को प्राधिकृत या क़ानूनी रूप से अनिवार्य प्रकटीकरण के अलावा कंपनी, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दी गई गैर-सार्वजनिक जानकारी की गोपनीयता को बनाए रखना चाहिए। कर्मचारियों को प्राधिकृत या क़ानूनी रूप से अनिवार्य प्रकटीकरण के अलावा कंपनी, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा दी गई गोपनीय और स्वामित्वयुक्त जानकारी को गुप्त रखना चाहिए। इस तरह की जानकारी का उपयोग करने वाले या उस तक पहुँच रखने वाले व्यक्ति, जिसमें साथी-कामगारों की निजी जानकारी भी शामिल है, इसे सुरक्षित रखने और केवल वैध तथा उचित कारणों से जानकारी का उपयोग किए जाने के लिए जिम्मेदार हैं।

### जो सही है वही करें!

- ✓ गैर-सार्वजनिक जानकारी तक पहुँच, उसका उपयोग, संग्रहण, स्थानांतरण या संशोधन केवल अपने कार्य को करने के लिए करें।
- ✓ गैर-सार्वजनिक जानकारी को किसी भी ऐसे व्यक्ति से साझा ना करें जिसे इसकी जानकारी होने की कारोबारी जरूरत नहीं है या जो इसे पाने के लिए प्राधिकृत नहीं है।
- ✓ अपने उपकरणों को पासवर्ड संरक्षित बनाकर और संवेदनशील फाइलों को बंद दराज या कैबिनेट में रखकर आकस्मिक प्रकटीकरण को रोकें।



## हम भेदभाव या उत्पीडन बर्दाश्त नहीं करते हैं




हमारा विश्वास है कि हमारे कार्यबल में कर्मचारियों की विविधता हमारी रचनात्मकता, नवाचार, और विकास को बढ़ाने वाला गुण है। हमारे कर्मचारियों की विभिन्न संस्कृतियां, यौन अभिविन्यास, लिंग पहचान, पृष्ठभूमि और अनुभव मुद्दों को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखने और निर्णय लेने की प्रक्रिया को समृद्ध बनाते हैं। भर्ती, काम पर रखने, प्रशिक्षण, पदोन्नति, क्षतिपूर्ति और लाभों सहित, किंतु उन तक सीमित नहीं हैं, सभी कार्मिक निर्णय, पूरी तरह से केवल कर्मचारी या आवेदक की योग्यता, कौशल, कार्य प्रदर्शन, और क्षमताओं पर आधारित होंगे, और लागू कानून द्वारा संरक्षित विशेषता या किसी स्थिति से संबंधित नहीं होंगे। हम प्रतिभा को महत्व देते हैं!




कंपनी सुपरवाइजर, सहकर्मी, कर्मचारी या गैर-कर्मचारी, विक्रेता, क्लाइंट या कंपनी के ग्राहक सहित किसी के भी द्वारा अपने कर्मचारियों के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगी - चाहे वह लैंगिक हो या गैर-लैंगिक।

## जो सही है वही करें!

- ✓ सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुरूप योग्य कर्मचारियों और आवेदकों को समान रोजगार अवसर प्रदान करें।
- ✓ अपने साथी कर्मचारियों के साथ बातचीत को पेशेवर और सम्मानजनक रखें। अपने कार्यों या शब्दों के माध्यम से दूसरों के लिए असहज, शत्रुतापूर्ण, या डरावना वातावरण न बनाएं।
- ✓ हमारी संस्कृतियां या विचार भिन्न होने पर भी, एक दूसरे के विविध गुणों का सम्मान करें।

# हमारे ग्राहक और उपभोक्ता

## हम स्वादिष्ट, सुरक्षित और उच्च गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ बनाते हैं

हमारा प्राथमिक लक्ष्य स्वादिष्ट, सुरक्षित, पौष्टिक, और स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। हम उपभोक्ताओं की उम्मीदों और अपने स्वयं के उच्च मानकों को पूरा करने वाले उत्पाद प्रदान करने और उन मानकों को पूरा करने के लिए अपने कार्यों में निरंतर सुधार और नवाचार की तलाश करने का प्रयास करते हैं। हम अपने उत्पादों की लेबलिंग और विज्ञापन में किए गए वादे के अनुसार पोषण संबंधी लाभ और खाद्य मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### जो सही है वही करें!

- ✓ हम उस प्रत्येक अधिकार क्षेत्र में लागू होने वाले सभी खाद्य और उपभोक्ता उत्पाद से संबंधित सुरक्षा कानूनों का अनुपालन करते हैं जिसमें हम कारोबार करते हैं।
- ✓ अपने कार्यस्थल में खाद्य पदार्थ से संबंधित स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल का पालन करें (उत्पाद वापस लेने की प्रक्रियाओं सहित) और उठने वाले मुद्दों पर तुरंत प्रतिक्रिया दें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ग्राहकों तक पहुंचने वाला प्रत्येक उत्पाद उच्चतम गुणवत्ता का है।
- ✓ खाद्य सुरक्षा को व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझें: स्वास्थ्य या सुरक्षा की संभावित चिंताओं को तुरंत उजागर करें। हम मालिकों की तरह कार्य करते हैं और सोचते हैं: स्वामित्व हमारे सबसे महत्वपूर्ण मूल्यों में से एक है।



# हम जिम्मेदारी के साथ व्यापार और संचार करते हैं

हमारे उत्पादों की तरह कंपनी का सार्वजनिक संचार ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इन इस सबको ध्यान में रखते हुए हम अपने खाद्य पदार्थों का व्यापार, विज्ञापन और लेबल करते हैं, और अपने ग्राहकों के साथ सटीकता, पारदर्शिता और स्पष्टता का प्रयास करते हैं। हम कभी भी अपने स्वयं के या किसी और के उत्पादों के बारे में गलत या अधूरी जानकारी प्रदान कर अपने उपभोक्ताओं को गुमराह करने की कोशिश नहीं करते हैं।

इसी तरह, हम अपने निवेशकों को नियमित सार्वजनिक संचार और दृढ़ पारदर्शिता के माध्यम से अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों को विश्वसनीय तरीके से देखने देते हैं।

इन सभी सार्वजनिक संचारों में सटीकता और निरंतरता बनाए रखने के लिए, हमारी कंपनी के बारे में कंपनी के केवल नामित प्रवक्ताओं को सार्वजनिक बयान देना चाहिए।




## जो सही है वही करें!

- ✓ यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे दावे सही हैं और हमारे तरीके नैतिक और कानूनी दोनों हैं, विपणन और विज्ञापन के सभी कानूनों का पालन करें।
- ✓ हमारे खाद्य पदार्थों को सच्चाई के साथ, सही तरीके से बेचें, धोखे या अतिशयोक्ति के माध्यम से नहीं।
- ✓ युवा दर्शकों तक हमारे विज्ञापन को पहुँचाने के तरीकों पर विशेष ध्यान दें; बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए भरोसेमंद उम्मीद बनाने के लिए ईमानदारी महत्वपूर्ण है।
- ✓ सामाजिक मीडिया का उपयोग करते समय कंपनी की किसी भी गोपनीय जानकारी की चर्चा न करें और कंपनी पर आरोप लगाने वाले विचारों से दूर रहें; कंपनी की ओर से बयान देने के लिए सामाजिक मीडिया का उपयोग केवल प्राधिकृत प्रवक्ताओं को ही करना चाहिए।
- ✓ जानकारी देने या टिप्पणी के लिए मीडिया अनुरोधों को संचार टीम को भेज दें; जानकारी देने के लिए विश्लेषक के अनुरोध निवेशक संपर्क टीम को भेज दें।

# हमारी कंपनी और शेयरधारक

## हम अपने बहीखातों, अभिलेखों और नियंत्रकों की अखंडता, सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखते हैं

हम सर्वोच्च सटीकता, पूर्णता और ईमानदारी के साथ कंपनी के वित्तीय खातों और व्यापार के अभिलेख बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम स्मार्ट, समय पर व्यापारिक निर्णय लेने के लिए अपने वित्तीय खातों और व्यापार के अभिलेखों पर भरोसा करते हैं। हम यह भी समझते हैं कि हमारे निवेशक कंपनी की हालत की सही स्थिति के लिए हमारे बहीखातों और अभिलेखों पर भरोसा करते हैं।

सभी कर्मचारी व्यय रिपोर्ट दायर करने, ठेकों और प्रस्तावों का मसौदा तैयार करने या ई-मेल भेजने जैसे नियमित कार्यों के रूप में अभिलेख सृजित करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि ये दस्तावेज सही स्थिति को दर्शाएं, और कोई भी जानकारी न छूटे। मामूली सी गलत बयानी से भी कंपनी की प्रतिष्ठा पर गलत प्रभाव पड़ेगा और हमारे निवेशकों का विश्वास प्रभावित होगा।




### जो सही है वही करें!

- ✓ कंपनी के अपेक्षित प्रकटीकरण को तैयार करने के काम में शामिल निदेशकों, कर्मचारियों, सलाहकारों, और सलाह प्रदान करने वालों को सटीक, पूर्ण, निष्पक्ष, प्रासंगिक, सामयिक, और समझ में आने वाली जानकारी प्रदान करें।
- ✓ सारी वित्तीय जानकारी और व्यापार लेनदेन को सटीकता से और समय पर रिकॉर्ड करें, और कंपनी के प्रकटीकरण नियंत्रकों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करें
- ✓ ईमेल या त्वरित संदेशों जैसे रिकॉर्ड तैयार करते समय, पेशेवर, विचारशील और सटीक बनें।
- ✓ हमारी रिकॉर्ड प्रबंधन नीतियों, लागू कानूनी नियंत्रणों, और अभिलेख प्रतिधारण अनुसूची के अनुसार अभिलेख का रखरखाव करें या उसे नष्ट करें।

# हम कंपनी की संपत्ति का उचित उपयोग और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं

~~कंपनी की संपत्ति का उचित उपयोग करने के लिए सभी कर्मचारी जिम्मेदार हैं। कंपनी की तीन~~ प्रकार की संपत्ति होती हैं: (1) **भौतिक संपत्ति**, जैसे कि सामग्री, आपूर्तियां, सॉफ्टवेयर, इंवेंट्री, उपकरण, कंप्यूटर, इंटरनेट का उपयोग और टेक्नोलॉजी; (2) **जानकारी की संपत्ति**, जैसे कि गोपनीय और मालिकाना व्यापार जानकारी और बौद्धिक संपदा (हमारे मूल्यवान ब्रांड सहित); और (3) **संसाधन की संपत्ति**, जैसे कि पूंजी और कार्य के दिन में कंपनी का समय।




कर्मचारियों को चोरी, विनाश, या अन्य नुकसान से कंपनी की संपत्ति की रक्षा के लिए सभी उचित कदम उठाने चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिये कि संपत्ति बर्बाद न हो, उसका दुरुपयोग न हो, उसका विपथन न हो।

## जो सही है वही करें!

- ✓ अपनी देखभाल में कंपनी की सभी संपत्ति को नुकसान, चोरी, क्षति, दुरुपयोग से सुरक्षित रखें।
- ✓ कंपनी की संपत्ति का प्रयोग उनके नियत व्यापार उद्देश्यों के लिए करें। कुछ निजी इस्तेमाल की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन इस तरह के उपयोग सदैव कानूनी, नैतिक, उचित होने चाहिए और आपके काम के साथ हस्तक्षेप नहीं करने चाहिए।
- ✓ अपनी गोपनीय जानकारी (या लैपटॉप, स्मार्टफोन, या ऐसी जानकारी युक्त अन्य वस्तुओं) को खोने, गलत स्थान पर रखने, या उपेक्षित न रखना सुनिश्चित करें।
- ✓ सार्वजनिक क्षेत्रों (विमानों, लिफ्ट, और रेस्तरां) में गोपनीय जानकारी या किसी भी अन्य संवेदनशील विषयों पर चर्चा न करें, यहाँ आपकी बातों को लोग सुन सकते हैं।
- ✓ कंपनी की टेक्नोलॉजी का उपयोग किसी भी अश्लील, आक्रामक, भेदभावपूर्ण, उत्पीड़क या अन्यथा अवैध या अनैतिक सामग्री को डाउनलोड करने, देखने या भेजने के लिए न करें।

# हम व्यक्तिगत लाभ के लिए अंदरुनी जानकारी का उपयोग या खुलासा नहीं करते हैं

कर्मचारियों के रूप में, हम कंपनी की जानकारी का उपयोग इसके सार्वजनिक होने से पहले करते हैं। "अंदरुनी जानकारी" की सुरक्षा करके, और उसका दुरूपयोग न करके, हम कंपनी और अपने निवेशकों के सर्वोत्तम हित में काम करते हैं।




अंदरुनी जानकारी ऐसी जानकारी है जो प्रकृति में महत्वपूर्ण और गैर-सार्वजनिक, दोनों है। महत्वपूर्ण जानकारी ऐसी जानकारी है जो व्यक्ति के द्वारा प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या रोकने के निर्णय को प्रभावित कर सकती है। इस प्रकार की जानकारी को तब तक गैर-सार्वजनिक माना जाता है जब तक उसे सार्वजनिक न किया जाये (उदाहरण के लिए, वित्तीय नियामक प्राधिकरण के साथ सार्वजनिक फाइलिंग के माध्यम से; प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने पर; या राष्ट्रीय या व्यापक रूप से प्रचारित समाचार सेवा के द्वारा जानकारी का खुलासा होने पर)।

चाहे हमें अंदरुनी जानकारी किसी भी तरह क्यों न मिली हो, हम उस जानकारी का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को खुलासा करने के लिए नहीं कर सकते हैं जब तक कि कंपनी द्वारा प्राधिकृत न किया जाए। अंदरुनी जानकारी को व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल करने वाले कर्मचारी संघीय भेदिया व्यापार कानूनों का उल्लंघन करते हैं, जिससे कर्मचारियों को कारावास, जुर्माना और कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

यह नियम अन्य कंपनियों से संबंधित अंदरुनी जानकारी के लिए भी लागू होता है, इसमें कंपनी के वेंडर और आपूर्तिकर्ताओं सहित कंपनी के साथ रोजगार, या कंपनी की ओर से सर्विस देने के दौरान प्राप्त हुई जानकारी भी शामिल है।

## जो सही है वही करें!

- ✓ अपने पास अंदरुनी जानकारी होने या व्यापार ब्लैकआउट अवधि के दौरान कंपनी की प्रतिभूतियों (या सार्वजनिक कारोबार करने वाली कंपनी की प्रतिभूतियों) की खरीद या बिकवाली न करें।

- ✓ कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीद या बिकवाली करने से पूर्व, सुनिश्चित करें कि आप व्यापार ब्लैकआउट या किसी अन्य व्यापार प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। अनिश्चित होने पर विधि विभाग से संपर्क करें।
- ✓ किसी भी कारण के लिए कंपनी की अंदरुनी जानकारी का खुलासा कंपनी के बाहर किसी को भी (परिवार के सदस्यों या मित्रों सहित) न करें। यदि वह व्यक्ति शेयर बाजार में व्यापार करने के लिए इस जानकारी का उपयोग करता है तो आप उस व्यक्ति को "गुप्त सूचना" देने के लिए कानूनी तौर पर जिम्मेदार होंगे।

## हम कोई ऐसी कार्रवाई नहीं करते हैं जो कंपनी के सर्वोत्तम हितों के साथ टकराव करती है या टकराव करती प्रतीत होती है

हमें कंपनी की संपत्ति, सूचना, या स्थिति के उपयोग के माध्यम से अनुचित व्यक्तिगत लाभ नहीं लेना चाहिए, न ही ऐसी स्थितियां बनानी चाहिये। हमारे व्यापार निर्णय हमेशा उन उद्देश्यपरक मानदंडों के आधार पर होने चाहिए कि कंपनी के लिए सबसे अच्छा क्या है। हितों के टकराव होने पर भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं, और यह कंपनी में कर्मचारियों, व्यापारिक भागीदारों और जनता के विश्वास को खोखला कर सकते हैं।

कर्मचारियों को रोजगार या बोर्ड की सदस्यता, वित्तीय हितों और निवेश, और कॉर्पोरेट के अवसरों से जुड़े किसी भी व्यक्तिगत और पारिवारिक रिश्तों (पति-पत्नी, माता-पिता, बच्चों, भाइयों और बहनों, और शादी के बाद के रिश्तेदार) के साथ किसी भी वास्तविक या संभावित संघर्ष का खुलासा करना चाहिए, ताकि उन हितों के टकराव को बातचीत के साथ उचित रूप से हल किया जा सके।




### जो सही है वही करें!

- ✓ कर्मचारियों को कंपनी के साथ व्यापार मतभेद होने वाली किसी भी गतिविधि में संलग्न नहीं होना चाहिए, जैसे कि किसी अन्य खाद्य या पेय पदार्थ कंपनी के लिए किसी भी

क्षमता में काम करना। कर्मचारियों को किसी अन्य कंपनी के लिए काम करने हेतु कंपनी के समय, संसाधन, या संबंधों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

- ✓ यदि परिवार का कोई सदस्य या करीबी मित्र किसी कंपनी का मालिक है या किसी कंपनी में कार्यरत है और कंपनी के साथ व्यापार करना चाहता है तो अपने रिश्ते के बारे में अपने प्रबंधक से बात करें। इसी तरह, कंपनी में किसी पद के लिए आपके परिवार के सदस्य साक्षात्कार की चयन प्रक्रिया से खुद को दूर रखें। अपने परिवार के सदस्य के द्वारा सुपरवाइज़ न हों या उसे सुपरवाइज़ ना करें।




- ✓ कर्मचारियों को बिना अनुमोदन के किसी कंपनी या संस्था, जो व्यापार भागीदार, आपूर्तिकर्ता या ग्राहक या प्रतिद्वंदी है (या होने वाली है), के साथ वित्तीय हित रखने से बचना चाहिये।

## कंपनी के कर्मचारी के रूप में हम उपहार स्वीकार नहीं करते हैं

व्यापारिक रिश्ते बनाने के लिए उपहारों का लेनदेन, मनोरंजन और आथित्य के अन्य प्रकार एक आम तरीका हैं। हालांकि, उपहारों और मनोरंजन का दुरूपयोग वास्तविक या स्पष्ट हितों के टकराव और गंभीर रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के जोखिम के मुद्दों को बढ़ा सकते हैं। इन समस्याओं को रोकने के लिए, हम उपहारों के लेनदेन और मनोरंजन पर उचित प्रतिबंध रखते हैं

हमें किसी भी व्यापार भागीदार से मूल्यवान उपहार प्राप्त करने का निषेध है। हालांकि, गैर-महत्वपूर्ण, छोटी, आकस्मिक, बिना किसी बाज़ार मूल्य की लोगोयुक्त प्रचारक वस्तु (जैसे बैठकों में प्रदान किये गए पेन या कागज; उत्पादों के नमूने; प्रकाशन; आदि) की यथोचित अनुमति दी जाती है। हमें परिवार के सदस्यों या मित्रों सहित खुद को या दूसरों के लिए उपहार या सेवाओं की याचना के लिए कड़ाई से मना किया जाता है।

उपहार स्वीकार नहीं करने के व्यवहार के अनुरूप, कर्मचारियों को सामान्य रूप से किसी व्यापार भागीदार को किसी भी मूल्य का उपहार देने से मना किया जाता है। विशेष स्थितियों में किसी जिम्मेदार प्रबंधक और स्थानीय विधि विभाग से पूर्व अनुमति ले लेनी चाहिये। दिए गए उपहार को भी प्राप्त करने वाली पार्टी द्वारा स्थापित उपहार नीतियों के अनुपालन में होना चाहिए। अपनी और कंपनी की सुरक्षा के लिए, उचित तरीके या संसाधनों का उपयोग कर किसी भी तरह के मामलों को रजिस्टर में दर्ज करें; पारदर्शिता सदैव सर्वश्रेष्ठ व्यवहार है।

व्यापार मनोरंजन एक ऐसी स्थिति है जहाँ दोनों कंपनियों के प्रतिनिधि (प्राप्तकर्ता और प्रदाता) भोजन, कार्यक्रम, या किसी अन्य समारोह में भाग लेते हैं, इसे निषिद्ध उपहार नहीं माना जाता है, बशर्ते कि यह प्रदाता और प्राप्तकर्ता की नीतियों के अनुरूप हो। हमेशा सावधान रहें और कंपनी की प्रतिष्ठा को ज़रा सा भी नुकसान पहुँचाने वाली घटनाओं से खुद को दूर रखें।

## जो सही है वही करें!

- ✓ किसी भी अत्यधिक, भव्य या अतिव्ययी या ऐसे स्थान पर या कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने वाले तरीके से आयोजित व्यापार मनोरंजन के लिए आमंत्रण न तो दें और न ही उसे स्वीकार करें।
- ✓ उपहारों का लेनदेन या ऐसा व्यापार मनोरंजन न करें जिससे हितों का टकराव हो या जो आपके निर्णय को प्रभावित करने का प्रयास करें।
- ✓ नगद या उपहार कार्ड जैसे नगद उपहार न दें।



# हमारे व्यापार भागीदार और समुदाय

## हम रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करते हैं

हमारी नीति शून्य सहिष्णुता भ्रष्टाचार-विरोधी है और कर्मचारियों को काम करवाने के लिए कभी भी रिश्वत की पेशकश नहीं करनी चाहिए, इसे लेना या देना नहीं चाहिये। हमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी भी सरकारी अधिकारी या एजेंसी (राष्ट्रीय या स्थानीय सरकारी अधिकारी या कर्मचारी, राजनीतिक उम्मीदवार, या अधिकारी या सरकारी स्वामित्व या नियंत्रण इकाई के कर्मचारी या अधिकारी) या भ्रष्टाचार के साथ किसी व्यक्ति द्वारा व्यापार लाभ सुनिश्चित करना, हमारी किसी भी गतिविधियों से संबंधित व्यापर या सरकारी निर्णय को प्रभावित करने, या किसी व्यक्ति की सत्ता या सरकारी पद का दुरुपयोग करने वाले को मूल्यवान वस्तु देना, पेशकश करना, देने का वादा करना, या अधिकृत करना सख्ती से वर्जित है - चाहे वह कितनी भी छोटी क्यों न हो।




इस निषेधाज्ञा को व्यापक रूप से समझना चाहिये और यह हमारी ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति, आपूर्तिकर्ता, वितरक, ठेकेदार, सलाहकार और एजेंट पर लागू होती है।

हम विदेश भ्रष्ट आचरण अधिनियम (FCPA), यूके रिश्वतखोरी अधिनियम और प्रत्येक अधिकार क्षेत्र में लागू इसी तरह के सभी कानूनों का सख्ती से पालन करते हैं।

कई देशों में, शीघ्रता से किये गए काम के लिए भुगतान की पेशकश करना कानूनी है। लेकिन, इस प्रकार का भुगतान अनैतिक दिखाई देता है और हम इसकी अनुमति नहीं देते हैं। हम एक वैश्विक कंपनी है और हमारी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

दुनिया के कुछ भागों में स्थानीय परंपरा और व्यवसाय की कार्यप्रणाली सरकारी अधिकारियों को उपहार या मनोरंजन प्रदान करने की अनुमति देती है। ऐसे मामलों में, कर्मचारियों को किसी

सरकारी अधिकारी को कोई उपहार या मूल्य या किसी मनोरंजन या आतिथ्य का प्रावधान उपलब्ध कराने से पहले पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

## जो सही है वही करें!

- ✓ किसी सरकारी अधिकारी या अन्य तृतीय पक्ष को व्यापार लाभ हासिल करने के लिए कभी भी कोई पेशकश, वादा, या मूल्यवान वस्तु (चाहे वह छोटी ही क्यों न हो) न दें।
- ✓ अपनी ओर से या कंपनी की ओर से किसी तृतीय पक्ष को वर्जित भुगतान करने का निर्देश, अधिकार या अनुमति न दें।
- ✓ बिना यह समझे-बूझे या कारण जाने बगैर किसी भी तीसरे पक्ष को भुगतान कतई न करें, जब तक भरोसा न हो जाये कि यह सरकारी आधिकारिक या अन्य व्यक्ति के लिए कुछेक मूल्य, अपर्याप्त रूप से प्रदान करने के लिए इस्तेमाल किए जाने की संभावना है।
- ✓ किए जाने वाले भुगतान और मिलने वाले भुगतान के रिकॉर्ड को हमेशा सही ढंग से, पूर्ण रूप से समयानुसार लगाकर रखें।




# हम प्रतिस्पर्धा और अविश्वास कानूनों का अनुपालन करते हैं

अविश्वास कानून (जिसे "प्रतिस्पर्धा कानून" भी कहा जाता है), प्रतिस्पर्धी संहिता को शासित करता है, और अन्य निर्माताओं, प्रतियोगियों, आपूर्तिकर्ताओं, दलालों और ग्राहकों के साथ कंपनी के रिश्तों पर लागू होता है। ये कानून अक्सर बहुत व्यापक और जटिल होते हैं और हर देश में अलग-अलग होते हैं, लेकिन उन सभी का लक्ष्य एक ही होता है: स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना। कंपनियों की अविश्वास नीतियां, कर्मचारियों को समग्र मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान करती हैं कि, अगर इनका पालन किया जाता है तो ये उन सभी अधिकार क्षेत्रों में; जहां हम व्यापार करते हैं, अविश्वास कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

अविश्वास कानून का उल्लंघन करने के दंड गंभीर होते हैं और इसमें भारी जुर्माना व अन्य मौद्रिक दायित्व भी शामिल हैं। इसके अलावा, कई देशों में हिंसा में भाग लेने वाले या शामिल कर्मचारियों

को कारावास की सजा भी भुगतनी पड़ती है। बनाये गए इन कानूनों के उल्लंघन को नकारने का कोई बचाव नहीं है।

पूरे विश्व भर में ईमानदारी के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, हम प्रतिस्पर्धा कानून के होने वाले हनन को समाप्त कर सकते हैं; हालांकि, हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति: हमारी साख की रक्षा करना बेहद आवश्यक है।

क्योंकि परिस्थितिजन्य साक्ष्य, अक्सर उस पर आधारित होता है जिसमें अविश्वासरोधी दायित्व पाया गया है, इसलिए गैर-प्रतिस्पर्धी संहिता की उपस्थिति से बचें।




## जो सही है वही करें!

- ✓ सभी लागू अविश्वास और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करें। अगर कभी भी आपको अविश्वास या प्रतिस्पर्धा कानून से जुड़ा सवाल करना हो या आपको लगता है कि आप भी एक गैर-प्रतिस्पर्धी बातचीत या संपर्क का हिस्सा बन सकते हैं, तो शीघ्र ही कानून विभाग से संपर्क करें।
- ✓ कभी भी कीमत के बारे में किसी भी प्रतिस्पर्धी के साथ किसी मसौदे या समझौते में न पड़ें।
- ✓ कंपनी के अतीत, वर्तमान या भविष्य में होने वाले किसी भी प्रतिद्वंद्वी के साथ, कीमतों, बाजार के प्रमोशनल कार्यक्रमों या ब्रिकी शर्तों के बारे में कभी बातचीत न करें।

## हम सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार कंपनी हैं: हम बेहतर दुनिया के विकास में सक्रिय रूप से व्यस्त हैं

हम स्थिरता, स्वास्थ्य और कल्याण व सामाजिक दायित्वों के लिए अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए समर्पित हैं।

हम सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं। हम अपने समुदाय और अपने ग्रह की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए दुर्घटनाओं, गिरावटों व अन्य संभावित खतरों को रोकने के लिए सतर्क हैं।

हम नैतिक और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला के उच्च मानक स्थापित करते हैं। तद्नुसार, हम मांग करते हैं कि सभी व्यावसायिक भागीदार, दुनिया भर में कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए एक स्पष्ट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करें। हम बेगार, मानव तस्करी और गुलामी का उपयोग बर्दाश्त नहीं करते हैं।

## जो सही है वही करें!

- ✓ स्थिरता को व्यक्तिगत लक्ष्य बनाएं: बिजली बचाएं, संसाधनों का पुनर्चक्रण करें और पर्यावरण पर अपने व्यक्तिगत प्रभाव के प्रति जागरूक रहें।
- ✓ पर्यावरण के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले, फैलाव, रिसाव और अन्य संभावित खतरों की शीघ्र ही रिपोर्ट करें, देरी न करें।
- ✓ यह सुनिश्चित करें कि पर्यावरणीय नियमों और मानवाधिकार कानूनों का पालन करने के लिए आपूर्तिकर्ता और अन्य व्यापारिक भागीदार प्रतिबद्ध हैं।
- ✓ दुनिया और समुदायों को बेहतर बनाने के लिए हमारे कार्यक्रमों और पहलों में सक्रिय होकर भाग लें।




# छूट

जब हम सभी से हर समय अपनी संहिता को बनाए रखने की उम्मीद रखी जाती है, कंपनी समझती है कि कुछ विशेष परिस्थितियों में, संहिता की छूट अवश्य होनी चाहिए। ऐसी छूट मामला-दर-मामला के आधार दी जाती हैं, और सिर्फ तभी उपयुक्त होती हैं जब संहिता का कड़ाई से पालन भारी कठिनाई पैदा करे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रमुख परामर्शदाता, मुख्य वित्तीय अधिकारी, वैश्विक नियंत्रक, अन्य वरिष्ठ वित्तीय या कार्यकारी अधिकारी या निदेशकों के लिए संहिता का संशोधन या छूट, बोर्ड के निदेशकों के द्‌वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। अन्य सभी कर्मचारियों के लिए, इस संहिता से कोई भी छूट जनरल काउंसिल द्‌वारा अनुमोदित होनी चाहिए।